## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विभिन्न पदों के लिए होगी परीक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राचार्य वर्ग-1, प्राचार्य वर्ग-2, प्लेसमेंट अधिकारी, सहायक संचालक (तकनीकी) (कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, सहायक संचालक, रेशम (ग्रामोद्योग विभाग) सांईटिफिक आफिसर (केमेस्ट्री), चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग, सहायक संचालक (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) की परीक्षा 1 और 2 मई को आयोजित होगी। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 9 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। इसी तरह परीक्षा 4 मई को सहायक संचालक हाथकरघा (ग्रामोद्योग विभाग), सहायक पंजीयक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9 बजे दोपहर 12 बजे तक एवं विधि अधिकारी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग), विधि अधिकारी (गृह-जेल विभाग) की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रो में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

### रिश्वतखोर महिला पटवारी को एसडीएम ने किया निलंबित

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के पटवारी हल्का नंबर-26 बेवरती के महिला पटवारी टामिका मण्डावी का ग्रामीण से रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नकल निकालने के लिये ग्रामीण से 05 हजार की रिश्वत मांगी थी। वायरल वीडियो में पटवारी कामिका मंडावी पैसे लेते दिख रही है। वीडियो वायरल होने के बाद कांकेर के पटवारी हल्का नंबर-26 बेवरती के पटवारी टामिका मण्डावी को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर नियत किया गया है, इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### कोयले की कमी नहीं है तो देशभर में ट्रेनें क्यों रद्द की जा रही हैं - भूपेश बघेल

**नई दिल्ली/रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा है देश में यदि कोयले की कमी नहीं है तो देशभर में ट्रेनें क्यों रद्द की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेश से इतना महंगा कोयला मंगा रहे हो और राज्यों को रॉयल्टी भी नहीं दे रहे हो। राज्यों के नुकसान पहुंचा रहे हो, यहां के कोयले को रॉयल्टी भी नहीं दे रहे हो। सीएम भुपेश बघेल ने यह भी कहा कि रसोई गैस तो वेट के दायरे में नहीं आती तो उसका दाम 400 से 1050 रुपये क्यों हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर घटाना ही है तो पेट्रोल-डीजल पर सेस टैक्स खत्म कर दीजिए।

### नगरनार-एएमडीसी में एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के नगरनार स्थित एनएमडीसी में आज सुबह एक कर्मचारी प्रशांत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्यवाही उपरांत शव को पीएम के लिए मेकॉज रवाना कर दिया है। साथी कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का 02 माह पहले ही विवाह हुआ था, 06 माह पहले ही उन्होंने यहां ज्वॉइन किया था, वे एनएमडीसी के पैकेज 03 बायोप्रोडक्ट् में इंजीनियर के पद में पदस्थ थे, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगरनार थाना प्रभारी बीआर नाग ने बताया कि अनतपुर जिला ओडिसा का रहने वाला मृतक प्रशांत 36 वर्ष जो नगरनार स्थित एनएमडीसी में कार्य कर रहा था।

# बेहतर शिक्षा के लिए सभी जिलों में संचालित हो रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल : स्कूल शिक्षामंत्री

- **वृक्षारोपण में वनोपज आधारित फलदार वृक्षों को दें प्राथमिकता**
- **स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक**

**रायगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, स्कूल शिक्षा तथा सहकारिता एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में संचालित विभागीय कार्यों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित हो रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है एवं लोगों द्वारा इसका बेहतर रूझान मिल रहा है। पालकों की मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री बघेल द्वारा आगामी दिनों में जरूरत के अनुसार स्कूलों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन बच्चों के भविष्य को लेकर शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार की समझौता नहीं करेगी।

इस दौरान धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर भीम सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने गोधन न्याय योजना एवं अजीविका संवर्धन की जानकारी ली। कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि गोधन योजना में जिले में बेहतर कार्य किया गया है। कन्वर्जन रेशियों एवं वर्मी कम्पोस्ट की ब्रिकी के मामले में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। जिले में विभागीय अधिकारियों द्वारा पैरा कलेक्शन का कार्य भी अच्छा किया गया है। जिससे जिले के सभी गोठानों में पशुओं के लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध है। इसके अलावा रीपा के तहत जिले के 55 गोठानों को तैयार किया जा रहा है। जहां प्रत्येक गोठानों में 5 एक्टीविटी के साथ समूह द्वारा प्रोसेसिंग यूनिट का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि गोठानों मे विशेष समूह की पारंम्परिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गोठानों में स्थान प्रदान करने के साथ ही प्रोसेसिंग यूनिट प्रदान किया जा रहा है। गोठानों में समूह द्वारा सामुदायिक बाडिय़ों का संचालन किया जा रहा है। जिले में समूह द्वारा फ्लाईऐश एवं गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत पैकेट प्रिंटिगका कार्य स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। जिससे समूह को अच्छा लाभांश प्राप्त हो रहा है।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने नरवा विकास की जानकारी ली। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि 2020-21 के कार्य पूर्ण हो चुके है साथ ही 2021-22 में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जा चुके है। जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने जिले में कुपोषण की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि पूर्व से 21 हजार बच्चो को कुपोषण से बाहर निकाला जा चुका है। वर्तमान में जिले में 6 हजार बच्चे बचे है जिसके लिए गर्म भोजन, रागी लड्डू प्रदान किया जा रहा है। जिस पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले में कलेक्टर सिंह ने निर्देशन सुपोषण की दिशा में बेहतर कार्य किया गया है। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि वृक्षारोपण के लिए वनोपज आधारित वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जाये। जिससे ग्रामीणों को वृक्षारोपण से लाभ हो सके एवं स्वयं भी वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित हो सके। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने बाड़ी विकास कार्यक्रम की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि जिले में 230 बाडिय़ां बनाया जा चुका है।

राजस्व मामलों को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने कहा कि बंटवारा, सीमांकन जैसे मामलों के कार्य प्राथमिकता से किया जाए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि राजस्व मामलों के निराकरण के लिए राजस्व शिविर लगाकर आवेदन लिए जा रहे है। जिसका एक माह के अंदर निराकरण किया जाएगा। नजूल पट्टों का फ्री होल्ड में अधिकारियों द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। आबादी पट्टो का वितरण, राजीव गांधी आश्रय योजना अन्तर्गत स्लम पट्टा वितरण पर कार्य किया जायेगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट का प्रचार-प्रसार करने के साथ सभी सोसाइटियों में वर्मी कम्पोस्ट एवं रसायनिक खाद उपलब्ध कराएं। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने जिले की सड़कों की समीक्षा करते हुए यातायात सुगम बनाने हेतु सड़कों के निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एफआरए से लाभान्वित हितग्राहियों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करने के साथ पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली एवं जहां पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो रही है, उसका तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बताया कि पेयजल संकट की समस्या के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित किया गया है। इसके अलावा ब्लाक स्तर पर रजिस्टर रखा गया है। इसके साथ ही उन्होंने जलजीवन मिशन की अद्यतन जानकारी ली। प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने सी-मार्ट के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने बताया कि सी-मार्ट की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें ब्लाक स्तर के सभी वस्तुओं को विक्रय के लिए रखा जा रहा है। इसके साथ ही लैलूंगा के जवाफूल को अन्य जिलों के सी-मार्ट में ब्रिकी के लिए भेजा जा रहा है।

## स्कूल शिक्षामंत्री डॉ टेकाम ने 20 बालिकाओं को किया सरस्वती सायकल का वितरण

- **सायकल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले**

**रायगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, स्कूल शिक्षा तथा सहकारिता एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम आज एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 20 बालिकाओं को नि:शुल्क सायकल एवं पुस्तकों का वितरण किया।



इस मौके पर स्कूल शिक्षामंत्री डॉ.टेकाम ने बालिकाओं को बधाई दी। उन्होंने सभी छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेते हुए नियमित रूप से अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करने एवं अपने स्कूल सहित माता-पिता का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही नियमित रूप से पढ़ाई करने हेतु स्कूल आने हेतु कहा। सायकल पाकर बालिकाओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। सभी बालिकाओं ने इस पुनीत कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं स्कूल शिक्षामंत्री डॉ.टेकाम को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए नियमित रूप से शाला आने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, कलेक्टर भीम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य, डीएमसी आर.के.देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाना खाने के दौरान घेरलू विवाद पर टांगी से पत्नी के गर्दन में मारकर हत्या

- **पत्नीहंता को कापू पुलिस ने किया गिरफ्तार, ग्राम कमरई फिटिंगपारा की घटना**

**रायगढ़।** थाना कापू क्षेत्र अन्तर्गत एक युवक द्वारा खाना खाने के दौरान घेरेलू बातों में गुस्से में आकर अपनी पत्नी के गर्दन पर टांगी से वार कर हत्या कर दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंची कापू पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लिया गया है जिसे शीघ्र न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।



जानकारी के अनुसार दिनांक 29.04.2022 के शाम ग्राम कमरई फिटिंगपारा से थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी को महिला की हत्या की सूचना मिला। तत्काल थाना प्रभारी हमराह स्टाफ उप निरीक्षक धनीराम राठौर, आरक्षक अनुज राम, दिलेश कुमार चन्द्रा के साथ मौके पर रवाना हुये। मौके पर ग्राम कमरई के कोटवार उजीत राम चौहान (उम्र 50 वर्ष) रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29.04.2022 के शाम ग्राम कमरई खर्राटिकरा का चैतराम मांझी इसे फोन कर बताया कि कमरई फिटिंगपारा का रामविलास मांझी अपने घर के अंदर रसोई के पास अपनी पत्नि कुन्ती बाई (30 साल) की टंगिया से गर्दन में मारकर हत्या कर दिया है। तब गांववालों के साथ जाकर देखा और रामविलास मांझी से पूछा कैसे हुआ तो रामविलास मांझी बताया कि खाना खाते समय आज शाम 5.00 बजे घेरलू बात को लेकर पति पत्नि में विवाद हो रहा था। तब काफी गुस्से में आकर घर में रखी टांगी को उठाकर कुन्ती बाई के गर्दन के पीछे भाग पर टांगी के धारदार भाग से मारकर जान से खत्म कर दिया। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी की पतासाजी कर आरोपी रामविलास मांझी पिता जुगेश्वर प्रसाद मांझी उम्र 33 साल निवासी कमरई फिटिंगपारा थाना कापू को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। आरोपी के मेमोरेंडम पर थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी द्वारा हत्या में प्रयुक्त टांगी व अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्यों की जप्ती किया गया है। शीघ्र आरोपी को ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा जावेगा।

## ब्लैकमेलिंग से परेशान नाबालिग बालिका ने की आत्महत्या

- **बालिका को ब्लैकमेलिंग कर 1 लाख रूपये की मांग करने वाला आरोपित निकला नाबालिग, पुलिस अभिरक्षा में शीघ्र भेजा जावेगा किशोर न्यायालय**

**रायगढ़।** थाना डोंगरीपाली क्षेत्र अन्तर्गत रहने वाली नाबालिग बालिका उसके साथ पढ़ने वाले लड़के के ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर दिनांक 24.04.22 को कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या करने की घटना एसपी अभिषेक मीणा के संज्ञान में आने पर एसडीओपी सारंगढ़ एवं थाना प्रभारी डोंगरीपाली को तत्काल विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी डोंगरीपाली उप निरीक्षक ए.के. बेक द्वारा थाना बरमकेला से बिना नम्बरी मर्ग डायरी प्राप्त होने पर जांच के क्रम में बालिका के परिजनों एवं गवाहों का कथन लिया गया जिसमें पाया गया कि नाबालिग बालिका को उसके साथ पढ़ने वाला लड़का उसके अश्लील फोटो सोशल मीडिया में डाल कर वायरल कर देने की धमकी देकर उससे 01 लाख रूपये की मांग कर लगातार धमकी दे रहा था। आरोपित पर धारा 305 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी डोंगरीपाली हमराह स्टाफ के आरोपित के ठिकानों पर दबिश दिया गया जिसके कोरबा भाग जाने की जानकारी मिलने पर तत्काल कोरबा रवाना होकर आरोपित को हिरासत में लिया गया जिसके उम्र के संबंध में दस्तावेजों की जांच पर आरोपित विधि के साथ संघर्षरत बालक पाया गया।

जानकारी के अनुसार थाना डोंगरीपाली क्षेत्र की रहने वाली बालिका चन्द्रपुर में कक्षा 12वीं की पढाई कर रही थी और चन्द्रपुर में ही किराया मकान लेकर रहा करती थी। उसके साथ पढने वाला जांजगीर जिले का लड़का, बालिका से बातचीत करता था। जब कोरोना की वजह से स्कूल बंद हो गया तो बालिका वापस अपने घर आ गई और घर से ही आना जाना कर 12 वीं की प्रेक्टिकल परीक्षा एवं मेन परीक्षा दिलाई। परीक्षा खत्म होने बाद लड़के ने अपने मोबाइल से कॉल कर लड़की को 01 लाख पैसे की मांग कर बोला कि तुम्हारा अश्लील फोटो रखा हूं जिसे सोशल मीडिया में डाल कर वायरल कर दूंगा और लड़की के मोबाइल पर लगातार व्हाटसअप मैसेज कर पैसे की मांग कर रहा था जिससे लड़की मानसिक रूप से परेशान होकर दिनांक 24.04.2022 कीटनाशक दवाई सेवन कर ली तबीयत बिगड़ने पर परिजन बालिका को ईलाज के लिये मेट्रो अस्पताल रायगढ लेकर गए जहां से रायपुर के लिए रिफर करने पर रायपुर ले जाते समय दानसरा के पास रास्ते में बालिका की मृत्यु हो जाने से परिजन शव को सीएचसी बरमकेला लाये। सीएचसी बरमकेला के डॉक्टर द्वारा थाना बरमकेला को अस्पताली मेमो भेजा गया जिस पर थाना बरमकेला में बिना नंबरी मर्ग 00/22 धारा 174 जा. फौ. पंजीबद्ध कर जांच में लिया जाकर मर्ग पंचानामा कार्यवाही, पीएम आदि की कार्रवाई बाद असल घटनास्थल थाना डोंगरीपाली क्षेत्र का होने से मर्ग डायरी थाना डोंगरीपाली भेजा गया, जहां नाबालिग बालिका जिसकी उम्र 17 वर्ष 05 माह होने व धारा सादर 305 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने से थाना प्रभारी डोंगरीपाली ए.के. बेक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये दिनांक 29.04.2022 को आरोपित पर अप.क्र. 15/2022 धारा 305 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी करते हुए कोरबा रवाना हुये और आरोपित को हिरासत में लिया गया है , जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी आदि की कार्रवाई कर सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा जावेगा।

## अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती और ईद-उल-फितर को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक



**रायगढ़।** जिले में 03 मई को अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती और ईद-उल-फितर पर्व मनाया जावेगा जिसे देखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक लिया गया। आज दिनांक 30.04.2022 को अपर कलेक्टर आर.ए. कुरुवंशी, नगर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल तथा एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा द्वारा जन प्रतिनिधियों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं मीडिया साथियों के साथ शांति समिति की बैठक लिया गया। अधिकारीगण बताये कि प्रशासन की बिना अनुमति किसी भी तरह के निजी और सार्वजनिक आयोजन, धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक आयोजनों प्रतिबंधित है आयोजन के पूर्व अनुमति अनिवार्य कर दी गई है, जिसका पालन किया जावे। अधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस की त्यौहार दौरान सभी प्रकार की गतिविधियों पर निगाह है, त्यौहार पर शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों ने सभी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द्रपूर्ण मनाने की अपील किया गया। बैठक में शहर के थाना प्रभारी भी मौजूद थे।

## भीषण गर्मी से लोग हुए परेशान

**रायपुर/बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के तमाम शहरों में भीषण गर्मी के चलते लोग भारी परेशान हो रहे हैं इस बार गर्मी ने अपने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। इस बीच सुबह से तेज धूप और गर्म हवा के कारण लोगों ने बेचैनी महसूस की।

दक्षिण दिशा से आ रही ठंडी हवा के कारण आसमान में हल्के बादल भी नजर आए लेकिन इससे सूरज की तपिश में कोई कमी नहीं आई। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में बढ़ोतरी का दौर अभी इसी तरह जारी रह सकता है। इससे गर्म हवा (लू) चलने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका मध्य मध्यप्रदेश से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में उत्तर से गर्म और शुष्क हवा रही है। प्रदेश का सबसे गर्म जिला बिलासपुर रहा। वहां का तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। पड़ोसी जिला दुर्ग में भी अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### आज एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना

प्रदेश में आज एक मई को एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। कुछ स्थानों पर ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की सम्भावना है। वहीं शनिवार को भी बिलासपुर सबसे गर्म रहा। बिलासपुर में शनिवार को अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं राजधानी रायपुर में शनिवार को तापमान 44.8 डिग्री सेल्यिस था तथा आज भी तापमान 44 डिग्री के करीब रहने की संभावना है। मौषम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका मध्य छत्तीसगढ़ से लक्षद्वीप तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में उत्तर से गर्म और शुष्क हवा का आगमन लगातार जारी है, जबकि दक्षिण भाग में अपेक्षाकृत ठंडी और नमी युक्त हवा का आगमन लगातार जारी है। जिसके चलते प्रदेश में आज 1 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है।

## 5 मई से 10 मई तक आयोजित होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम

- **5.98 लाख बच्चों को जिले में खिलाई जाएगी दवा**
- **कृमि से बचाव के लिये 1 से 19 वर्ष के बच्चों को दी जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली**

**रायगढ़।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिले में तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। 5 मई से 10 मई तक चलने वाले इस कार्यक्रम में इस वर्ष जिले के 5.98 लाख बच्चों एवं किशोर/किशोरियों (1 से 19 वर्ष ) को कृमि से बचाव हेतु, एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. एसएन केसरी ने बताया, "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। कृमि से बचाव हेतु 5 से 7 मई तक राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम मनाया जाएगा तथा छूटे हुए बच्चों को 9 से 10 मई तक मॉप-अप दिवस के तहत कृमि से बचाव की गोली खिलाई जाएगी। 5 मई से 10 मई तक चलने वाले कार्यक्रम के लिये राज्य से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार जिले के समस्त विकासखंड को दिशानिर्देश भी भेजे जा चुके है। इस वर्ष बच्चों को मितानिन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपने कार्यक्षेत्र के सभी घरों का भ्रमण कर कृमिनाशक दवा दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली (200 एमजी) चूर्ण बनाकर पानी के साथ, 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को 1 गोली पूरी तरह से चूर्ण बनाकर पानी के साथ तथा 3 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली (400 एमजी) चबाकर के पानी के साथ सेवन कराया जाएगा। एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है। दवा खाने के उपरांत यदि कोई प्रतिकूल प्रभाव हो तो प्रबंधन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार की व्यवस्था भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा रहेगी। कृमि मुक्ति दिवस पर बीमार बच्चों या पहले से कोई अन्य दवाई ले रहे बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली नहीं दी जाएगी।"

कृमि मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ टीजी कुलवेदी ने बताया: " भारत सरकार के निर्देशानुसार साल में 2 बार कृमिमुक्ति कार्यक्रम मनाया जाता है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग की भागीदारी होती है। कार्यक्रम के दौरान कोविड 19 से संबंधित जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। जिन घरों में कोविड 19 के सक्रिय केस होंगे वहां सामान्य स्थिति होने के उपरांत दवा दी जाएगी। एलबेंडाजोल की गोली खिलाने के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क ,सैनिटाइजर का प्रयोग किया जाएगा। कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह गोली बच्चों को देना आवश्यक है। कृमि बच्चों के स्वास्थ्य शिक्षा और संपूर्ण विकास को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। कृमिनाशक की गोली से बच्चों के संपूर्ण शारीरिक मानसिक विकास में मदद मिलती है। इसलिए कृमि नाशक गोली खिलाना आवश्यक है।"

**जिले के सभी विकासखंडों में चलेगा कार्यक्रम-** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयनगर का लक्ष्य 82, 874, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा लक्ष्य 52,284, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का लक्ष्य 31,794, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार लक्ष्य 39,219, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्य लोईग 57,800, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्य चपले 60,296, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में 91,910, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरमकेला में 60,605, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में 55,961, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायगढ़ में 65,297 बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। इस तरह सभी विकासखंडों में कुल 5.98, लाख बच्चों को कृमिनाशक दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480